हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 6 जुलाई 2024

06 कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने लिया...



07 सड़क निर्माण और सफाई नहीं होने से वार्डवासी...






- 1 लाख वर्गफीट में लगा है पंडाल जिसमें छह गेट हैं। एक गेट वीआईपी एंट्री का है। बाकी पांच गेट आम श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए हैं।
- 100 वर्गफीट चौड़ाई और 10 हजार वर्गफीट लंबाई में बने पंडाल में 80 हजार लोगों के बैठने की क्षमता है। मगर यहां 1 लाख से ज्यादा लोग पहुंच रहे हैं।
- दोपहर 1 बजे के पहले ही पंडाल खचाखच भर गया था। इसके बाद पंडाल के बाहर भी लोगों की भीड़ नजर आई।
- दोपहर 3 बजे तक कथा सुनने पहुंचे भक्तों के लिए जगह ही नहीं बची।
- कच्चे चावल खाने से कथा स्थल पर रुके श्रद्धालुओं में से कई लोगों की तबियत बिगड़ी।
- कुछ श्रद्धालु बरसते पानी में बिना किसी से शिकायत किए कथा सुन रहे तो कुछ आयोजन समिति और प्रशासन पर उठा रहे सवाल।
- आज दोपहर एक बजे हो जाएगा कथा का समापन।

### कथा सुनने की ललक...



### यह ठीक नहीं...



## पंडाल को संभालने के लिए कथा स्थल पर प्रशासन ने लगाईं छह क्रेन मशीन

### पंडाल के बाहर बैठे श्रद्धालु



विदिशा। पंडाल के चारों ओर क्रेन लगाकर पंडाल को उड़ने ने रोकने की कोशिश।

### तेज बारिश और हवा चली



विदिशा। भारी बारिश में भी कथा सुनने कथा स्थल पर पहुंचते रहे श्रद्धालु।

# कथास्थल पर रुके कई लोगों की तबियत बिगड़ी, आज 8 बजे से शुरू होगी कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गिरधर कॉलोनी में चल रही शिव महापुराण कथा के छठे दिन कथा शुरू होने से एक घंटे पहले ही बारिश हो गई। कथा पंडाल भरने के बाद हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इसके बाद भी लोग कथा सुनने पहुंचते रहे। कथा का पंडाल न उड़ जाए, इसलिए प्रशासन ने छह क्रेन मशीनों पंडाल के चारों ओर लगाई हैं। आज शनिवार को कथा का अंतिम दिन और सुबह आठ बजे से कथा शुरू होगी और दोपहर एक बजे समापन हो जाएगा। अधपका भोजन करने के कारण कथा में रात रुकने वाले कई श्रद्धालुओं की तबियत बिगड़ने की जानकारी भी मिली है।



### अन्य जिलों के श्रद्धालु रुके हैं कथा स्थल पर

कई जिलों से आए श्रद्धालु रात में कथास्थल पर ही रुके हुए हैं। शुक्रवार को बिछिया गांव से एक शिव भक्त अमोल सिंह पिंड भरते हुए विदिशा पहुंचा। दोपहर को 3 बजे कथास्थल पहुंचे अमोल सिंह ने बताया कि उन्होंने पिंड भरने की कोई मन्नत नहीं की थी। वह पिछले चार महीने से शिव महापुराण की कथा टीवी पर सुन रहे थे। उनके मन में कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी से मिलने का भाव आया था कि कभी भगवान दर्शन कराएगा। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के दर्शन की इच्छा लेकर वह सुबह सुबह अपने गांव से पिंड भरते हुए निकल पड़ा।

### पुलिस अमला तैनात हुआ तब बनी व्यवस्था

शुक्रवार को काफी संख्या में पुलिस बल बायपास पर तैनात किया गया। जिसके बाद कहीं जाकर व्यवस्थाएं बनती दिखाई दीं। करीब 500 के लगभग पुलिस कर्मी कथा स्थल पर तैनात किए गए हैं। इसमें शहर का ट्रैफिक संभालने से लेकर बायपास पर वाहनों की एंट्री रोकने और कथास्थल पर भीड़ को संभालने वाले पुलिसकर्मी शामिल रहे। सागर बायपास के दोनों ओर से तीन-तीन लेयर पर नाकाबंदी की गई है।

### भीड़ संभालने 250 वॉलंटियर्स तैनात, श्रद्धालुओं की मदद भी कर रहे

आयोजन समिति की ओर से 250 वॉलेंटियर्स तैनात किए गए हैं। जिस तरह से कथास्थल पर लोगों की भीड़ पहुंच रही है, उसे देखते हुए वॉलेंटियर्स की संख्या नाकाफी है। रोजाना एक लाख की भीड़ पहुंच रही है तो इस हिसाब से 400 लोगों पर एक वॉलेंटियर है। भगदड़ जैसी स्थिति में एक व्यक्ति के सहारे इतने लोगों को कंट्रोल नहीं किया जा सकता है। दूसरा जो वॉलेंटियर तैनात हैं वो क्राउड मैनेजमेंट के लिए प्रशिक्षित नहीं है। कुछ वॉलेंटियर्स सीहोर के कुबेरेश्वर धाम से भी पहुंचे हैं, वे जरूर इस तरह की भीड़ का सामना कर चुके हैं। लेकिन उनका फोकस पंडित प्रदीप मिश्रा की सुरक्षा व्यवस्था पर ज्यादा होता है। वहीं शहर के समाजसेवी युवा भी बड़ी संख्या में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और दिनरात व्यवस्थाएं बनाने में जुटे हुए हैं। शुक्रवार को बारिश होने के बाद भी शहर के समाजसेवी युवाओं ने ही व्यवस्थाएं बनाने का काम किया।

### पंडाल में अग्निशमन यंत्र न मौके पर फायर ब्रिगेड

पंडाल में अग्निशमन यंत्र नहीं हैं। फायर बिग्रेड भी मौके पर नहीं है जबकि एक दिन पहले व्यास पीठ के लिए मंच से सटे साउंड सिस्टम के लिए बिछाई गई बिजली के तारों में शॉर्ट-सर्किट से थोड़े समय के लिए लोग घबरा गए थे। गुरुवार को हुई बारिश से पंडाल के आसपास फिर से पानी भर गया है। हालांकि शुक्रवार को व्यास पीठ से पंडित मिश्रा ने समिति द्वारा किए गए प्रयासों और शहर के समाजसेवियों की सराहना की।

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज करेंगे अभियान की शुरूआत

**हरिभूमि न्यूज विदिशा।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज शनिवार छह जुलाई को विदिशा जिले की जनपद पंचायत बासौदा की ग्राम पंचायत डिंडोली में आयोजित सम्पूर्णता अभियान एवं पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों से संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल पटेल का प्राप्त दौरा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि राज्यपाल पटेल शनिवार की सुबह 10 बजे ग्राम डिंडोली पहुंचेगे और यहां आयोजित सम्पूर्णता अभियान एवं पीएम जनमन कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 12.50 बजे डिंडोली से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### आज पदयात्रा करते हुए मानोरा होंगे रवाना

**विदिशा।** आज जगदीश स्वामी मानोरा धाम पदयात्रा निकाली जाएगी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आषाढ़ मिती दौज को ग्राम मनोरा में निकलने वाली भगवान जगदीश स्वामी रथ यात्रा के लिए विदिशा से दीपक तिवारी मित्र मंडल द्वारा बड़ी बजरिया जय स्तंभ पार्क से शाम 5 बजे निकाली जाएगी। यह यात्रा 7 जुलाई की सुबह प5 बजे मनोरा पहुंचकर भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन करेगी। यात्रा के सहभागी दीपक तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रदेश की सुख, समृद्धि, किसानों की भलाई तथा अच्छी वर्षा के उद्देश्य के लिए यह यात्रा निकाली जाती है। इस यात्रा का यह 11 वां वर्ष है। पदयात्रा में सैकड़ों भक्तजन संगीत की धुन पर नाचते गाते चलते हैं।

## बारिश का आकंड़ा बड़ा, उफनेंगे नदी नाले

**मौसमः** विदिशा में अब तक 195.3 मिमी बारिश हो चुकी, लटेरी में सबसे अधिक

- तापमान लुढका, गर्मी से मिली राहत, चलने लगी ठंडी हवा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मानसून की एंट्री तो हो गई है। पिछले दो दिनों से कभी-कभी रिमझिम बारिश हो रही है। हालांकि शुक्रवार सुबह से ही आसमान में बादल छा गए, जिससे लोगों को तेज बारिश का अनुमान था। लेकिन रिमझिम बारिश हो रही है।

दोपहर को करीब डेढ़ बजे कुछ देर के लिए तेज बारिश हुई जिसके चलते सड़क तरबतर हो गई। तापमान लुढ़क गया। अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। तापमान में गिरावट के चलते लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है, वहीं धान की खेती करने वाले किसान अच्छी बारिश की उम्मीद लगाए बैठे हैं। 1 जून से अब तक विदिशा जिले में कुल 195.3 मिमी बारिश हुई है, इसमें से सबसे ज्यादा 420.6 मिमी बारिश लटेरी तहसील में जबकि नटेरन में 187, विदिशा तहसील में 143, सिरोंज तहसील में 174 मिमी, पठारी में 263, ग्यारसपुर में 184, कुरवाई में 210 , बासौदा में 130 और श्मशाबाद में 126 बारिश गुलाबगंज में सबसे कम 114 मिमी बारिश हुई है।



विदिशा। तेज बारिश के कारण शहर की कई सड़कें जलमग्न हो गईं।

### सहकार भारती की बैठक आज सांची में

**विदिशा।** सहकार भारती मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति बैठक आज द यूटोपिया रिसोर्ट सांची में होने जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर ध्वजारोहण के साथ होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर संबोधित करेंगे। इस अवसर पर स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर इफ्को के संचालक ऋषिराज सिंह सिसोदिया, प्रदेश अध्यक्ष शेखर किवे, प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान, प्रदेश संगठन मंत्री राधेश्याम जी जलछत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन ताम्रकार, प्रकाश रतनपर्खी प्रदीप निखरा, ऋषिराज शुक्ला सहित प्रदेश पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य और प्रदेश के सभी जिलों से अध्यक्ष महामंत्री संगठन प्रमुख और महिला प्रमुख उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी सहकार भारती जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने दी।

## 12 वर्षीय मासूम ने इलाज के पहले ही अचानक दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हैदरगढ़ में शुक्रवार को एक 12 वर्षीय बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

हैदरगढ़ के रहने वाले खिलान सिंह के 12 वर्षीय बेटे कार्तिक की तबीयत अचानक बिगड़ी। उसे लगातार उल्टी होने लगी। परिजन घबरा गए और पिता उसे विदिशा लेकर आए। मेडिकल कॉलेज में इलाज मिलने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। कार्तिक की मौत से परिवार सदमे में हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमॉर्टम कराया। पुलिस मौत की परिस्थितियों की जांच में जुट गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा। खिलान सिंह ने बताया वो अपने बेटे के साथ गुरुवार को रिश्तेदारी में बासौदा गए थे। वहां से वापस घर पर आए। कार्तिक स्वस्थ था। शुक्रवार सुबह उसे आचनक से उल्टी होने लगीं।

तीन-चार बार उलटी हुई तो उसे विदिशा लेकर आए और मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद सही जानकारी सामने आ पाएगी की बच्चे की मौत किस करण से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## शिक्षकों के क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

12 वर्ष और 24 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण करने वाले प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जारी करने की मांग तेज होती जा रही है। मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल से 5 अक्टूबर को आदेश जारी हो चुके हैं। आदेश जारी होने के चार माह से अधिक समय बीत चुका है। लेकिन विदिशा जिले में अभी तक आदेश जारी नहीं किए गए हैं। इससे प्राथमिक शिक्षकों और माध्यमिक शिक्षकों में काफी रोष व्याप्त है। मप्र के अधिकांश जिलों में आदेश जारी हो चुके हैं। प्राथमिक शिक्षक और माध्यमिक शिक्षकों को 12 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उन्हें प्रथम क्रमोन्नति वेतनमान और प्राथमिक शिक्षक और माध्यमिक शिक्षकों को 24 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उन्हें द्वितीय क्रमोन्नति वेतनमान स्वीकृत करने के आदेश शीघ्र जारी करने की मांग प्रांतीय शिक्षक संघ ने की है।

संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक विदिशा और कलेक्टर से मिलकर समस्या से अवगत कराकर ज्ञापन सौंपने की बात कही है। प्रांतीय शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि शीघ्र ही क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जारी किए जाएं।

### मानोरा मेला में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जांच के निर्देश



**विदिशा।** मानोरा में जगदीश स्वामी की रथ यात्रा के दौरान आयोजित तीन दिवसीय मेले में लगाए गए झूले इत्यादि की जांच के संबंध में ग्यारसपुर एसडीएम मनोज उपाध्याय ने एसडीओ (ईएम) तथा पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ को निर्देश दिए है कि मेले में लगाए गए झूले आदि का परीक्षण कर उनकी गुणवत्ता एवं सुरक्षा का प्रमाण पत्र प्रदान करना सुनिश्चित करें। जिससे मेले के दौरान कोई अव्यवस्था न हो। आम लोगों की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्देश जारी किए गए हैं।

## लक्ष्मीनारायण मंदिर से भक्तों को दर्शन देंगे निकलेंगे भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नगर में 7 जुलाई को भगवान जगदीश स्वामी की रथयात्रा निकाली जाएगी। 70 वर्षों से नगर में यह यात्रा निकाली जा रही है। आयोजक मुखिया पं देवेन्द्र शर्मा ने बताया गया कि रथयात्रा से पहले भगवान का अभिषेक यजमान राजेश सर्राफ द्वारा पं संतोष शास्त्री ऋषि के आचार्यत्त्व में होगा। रथयात्रा की समाप्ति पर मंडप गृह में विराजित भगवान की महाआरती के बाद देर रात तक प्रसाद का वितरण होगा। रथ यात्रा में महाकाल दल की प्रस्तुति आकर्षक रहेगी। आयोजन के सहयोगी पं कमल सिलाकारी, पं कैलाश ढिमाले, प्रशांत कुशवाह , मनमोहन नेमा, सुजीत देवलिया सोनी, सोहन शर्मा, रामबाबू शर्मा आदि ने रथ यात्रा में शामिल होने की अपील नगरवासियों से की है।



### दोपहर 12 बजे से शुरू होगी रथयात्रा

लगभग 70 वर्ष पूर्व नगर के धर्माधिकारी कैलाशवासी पं विश्वनाथ शास्त्री की प्रेरणा से तत्कालीन व्यवसायी स्व. काशीराम बिहारीलाल सर्राफ द्वारा जगनाथपुरी से भगवान जगदीश स्वामी, सुमद्रा एवं बलभद्र की प्रतिमाएं लाकर नंदवाना स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में स्व. पं बृजमोहन लाल मुखिया के मार्गदर्शन में प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित कराई गईं थीं। तभी से प्रति वर्ष निरंतर स्थयात्रा निकाली जा रही है। जो इस वर्ष 7 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होकर से नगर के मुख्य मार्गों से निकलकर शाम को वापस मंदिर पहुंगी।

### इस्कॉन की रथयात्रा रहेगी आकर्षण का केंद्र

अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ विदिशा के द्वारा 13 जुलाई शनिवार को नगर में भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इस्कॉन विदिशा के प्रभारी सर्वसाक्षीदास जी के अनुसार संपूर्ण विदिशा को जगन्नाथमय करते हुए 13 जुलाई की शाम पांच बजे चिंतामणि गणेश मंदिर से रथयात्रा निकाली जाएगी जो तिलक चौक निकासा से माधवगंज होते हुए सत्संग भवन पहुंचकर समापन होगा।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम स्थगित

**विदिशा।** राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों की मतदाता सूची पुनरीक्षण-2024 का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। 28 जून को नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2024 का कार्यक्रम जारी किया गया था।

### एक प्रकरण में जिलाबदर के आदेश जारी किए

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने तनवीर अख्तर पिता रईस खां, निवासी पानी की टंकी के पास किले अंदर पर जिलाबदर की कार्रवाई की है। तनवीर अख्तर को विदिशा जिला सहित सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से छह माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से गाय कटी



**गंज बासौदा।** गुरुवार को रात्रि के समय दिल्ली से भोपाल जा रही वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। ट्रेन तेज स्पीड में होने के कारण गाय ट्रेन के अगले हिस्से में फंस गई, जिसे बाहर निकालने के लिए लगभग 30 मिनिट से अधिक समय तक ट्रेन स्थानीय स्टेशन पर खड़ी रही। गाय के ट्रेन से टकरा जाने से ट्रेन का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन से गाय को निकालने के बहुत प्रयास किए गए तब कहीं जाकर गाय को बाहर निकाला जा सका।

### मिथिलेश त्रिपाठी का निधन



**गंजबासौदा।** रमेश चंद्र त्रिपाठी की पत्नी एवं सतीश चंद, दिनेश चंद की भाभी एवं अखिलेश, अमितेश, अनिल, लोकेश, योगेश त्रिपाठी की माताजी एवं शत्रुधन, कोशलेंद्र, अविनाश, विक्रांत, जनार्दन की ताईजी एवं टिन्नू, दिव्यांश अथर्व की दादी मिथिलेश त्रिपाठी का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास होटल स्वीट गंगा के पीछे वार्ड क्रमांक 6 बरेठ रोड से शाम के समय पारासरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दीपक अमर का निधन



**गंजबासौदा।** नगर के अभिभाषक संघ के सदस्य दीपक अमर का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा सुबह के समय निज निवास से पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। नगर के अधिवक्ताओं एवं नागरिकों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# रातापानी अभ्यारण्य की निगरानी समिति में शामिल किया पर्यावरणविद स्व यादव को

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

स्व अनिल यादव के वन्य प्राणियों एवं पर्यावरण को लेकर किए गए कार्यों का ही परिणाम है कि वे इस दुनिया से जाने के बाद भी लोगों के जेहन में मौजूद हैं, बल्कि प्रशासनिक क्षेत्र में भी उनके महत्व को समझा जा रहा है। यही कारण है कि पिछले दिनों जब प्रशासनिक स्तर पर रातापानी एवं सिंघोनी अभ्यारण्य के इको सेंसेटिव जोन की निगरानी समिति का गठन किया जा रहा था तो प्रशासनिक अधिकारियों ने स्व अनिल यादव को भी इस समिति में शामिल करते हुए उनके निवास स्थान पर उक्ताशय का पत्र प्रेषित कर दिया। संबंधित



अधिकारियों को उनके निधन की जानकारी ही नहीं थी। जब परिजनों ने अधिकारियों से संपर्क कर इस संबंध में उन्हें जानकारी दी तो उनका कहना था कि स्व अनिल यादव के पर्यावरण एवं वन्य प्राणियों के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य को देखते हुए ही प्रशासनिक एवं वन अधिकारियों की समिति में उन्हें शामिल किया गया था। जबकि अधिकारियों को उनके निधन की जानकारी नहीं थी। इस बात से स्पष्ट होता है कि स्व अनिल यादव के कार्य पर्यावरण, वन्य प्राणियों एवं विमुक्त जातियों, मुख्य धारा से दूर समुदायों के लिए कितने महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं कि उनके जाने के बाद भी न सिर्फ लोग बल्कि प्रशासनिक और वन अ अधिकारी भी उनके उल्लेखनीय कार्यों के कारण उन्हें याद रखे हुए हैं।

# जमीन की बही के अलग-अलग खाते के लिए रिश्वत लेने वाले दोषी को सश्रम कारावास, जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जमीन की बही के अलग-अलग खाते बनवाने की ऐवज में रिश्वत लेने वाले आरोपी कमलेश्वर दत्त मिश्रा को विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, सागर म.प्र आलोक मिश्रा की अदालत ने दोषी करार देते हुये भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा-7 के अंतर्गत 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं छः हजार रुपए अर्थदण्ड तथा धारा-13(1)(डी) सहपठित धारा 13(2) के अंतर्गत 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं छः हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक (अभियोजन) धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में लक्ष्मी प्रसाद कुर्मी सहा. जिला अभियोजन अधिकारी ने की।

घटना संक्षिप्त में इस प्रकार है कि 15 फरवरी 18 को आवेदक दुर्गा प्रसाद कुर्मी, निवासी ग्राम भरदी तहसील केसली ने अभियुक्त कमलेश्वर दत्त मिश्रा (मिश्रा बाबू) के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त कार्यालय सागर को सम्बोधित करते हुये एक लिखित शिकायत/आवेदन इस आशय का दिया कि उसके दो भाई थे, जिनमें मंझले भाई जमना की मृत्यु हो चुकी है, उनका आपसी बंटवारा हो गया था, परन्तु जमीन का बही खाता एक ही बना था जिसके तीन अलग-अलग खाते बनवाने हेतु तहसील केसली में पदस्थ अभियुक्त मिश्रा बाबू से मिला तो अभियुक्त ने उक्त कार्य कराने के ऐवज में 6 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग की, वह अभियुक्त को रिश्वत नहीं देना चाहता है, बल्कि रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकड़वाना चाहता है। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, वि.पु.स्था. लोकायुक्त कार्यालय, सागर ने उक्त आवेदन पर अग्रिम कार्यवाही हेतु उप-पुलिस अधीक्षक राजेश खेड़े को अधिकृत किया। आवेदन में वर्णित तथ्यों के सत्यापन हेतु एक डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर दिया गया इसके संचालन का तरीका बताया गया, अभियुक्त से रिश्वत मांग वार्ता रिकॉर्ड करने हेतु निर्देशित किया तत्पश्चात आवेदक द्वारा मॉगवार्ता रिकार्ड की गई एवं अन्य तकनीकि कार्यवाहियॉ की गई एवं ट्रेप कार्यवाही आयोजित की गई। नियत दिनॉक को आवेदक द्वारा अभियुक्त को राशि दी गई व आवेदक का इशारा मिलने पर ट्रेपदल के सदस्य मौके पर पहुँचे और आवेदक से रिश्वत राशि के बारे में पूछे जाने पर आवेदक ने बताया कि उसने रिश्वत 6 हजार अभियुक्त को दी, जो अभियुक्त ने अपने पहने हुये फुलपेंट की बायीं जेब में रख ली है, इसके बाद ट्रेपदल ने अभियुक्त को चारों ओर से घेर लिया। ट्रेपदल का परिचय देकर अभियुक्त का परिचय प्राप्त करने के उपरांत अभियुक्त से रिश्वत राशि के बारे में पूछे जाने पर उसने भी आवेदक से रिश्वत राशि पेंट की बायीं जेब में रख लेना बताया।

## ग्राम पंचायत डिड़ौली में आज आएंगे राज्यपाल, होंगे अनेक कार्यक्रम आयोजित

# कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा










राज्यपाल मंगुभाई पटेल का प्रस्तावित दौरा शनिवार को नगर में है। जिसको लेकर प्रशासनिक अमले ने अपनी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली हैं। राज्यपाल सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत डिडौली में आयोजित कार्यक्रम में पीएम जनमन योजना के लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद एवं आंगनवाड़ी व स्कूल में अध्ययनरत छात्रों से रूबरू होकर उन्हें पाठ्यपुस्तको का वितरण करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 1.30 बजे हेलीकाप्टर द्वारा भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे। राज्यपाल के दौरे के संबंध में शुक्रवार को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने नगर में आकर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि राज्यपाल शनिवार को हेलीकॉप्टर से डिडौली पहुंचेंगे। जहां से वे ग्राम डिडौली पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उक्त कार्यक्रम में कलश यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ प्रभात फेरी, संपूर्णता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करना सहित पीएम जनमन योजनाओं के हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, स्व सहायता समूह की महिलाओं को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करना, पात्रता पर्ची, राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं शिक्षा विभाग की योजनाओं, सिकल सेल कार्ड, लाड़ली लक्ष्मी सहित अन्य योजनाओं के कार्डों का वितरण हितग्राहियों को किया जाएगा। कलेक्टर वैद्य ने हेलीपैड व कार्यक्रम स्थल पर की गई तैयारियों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पहुंचने वाले हितग्राहियों व नागरिकों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना आने पाएं सभी को बैठने तथा पेयजल सहित अन्य प्रबंध सुनिश्चित किए जाने की बात कही। ग्राम पंचायत डिंडोली के आंगनबाडी केन्द्र भवन में पहुंचकर भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही उन्होंने पीएम जनमन योजना (पीव्हीटीजी) मिशन अंतर्गत सहरिया जनजातीय परिवार के हितग्राही अर्जुन सिंह का पीएम जनमन आवास योजना तहत पूर्ण हुए आवास में पहुंचकर भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए प्रबंध सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. योगेश भरसट, एसडीएम विजय राय, जनपद सीईओ भगवान सिंह, एसएडीओ अशोक सिंह कौरव, तहसीलदार संदीप जायसवाल, अनिता पटेल सहित पुलिस प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


# पहली बारिश में ही खुली पोल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पहली बारिश में मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा कराए निर्माण कार्य की पोल खुल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पर्यटन क्षेत्र उदयपुर में नील कण्ठेश्वर महादेव मंदिर पहुंच मार्ग पर लाखों रुपए की लागत से मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया गया था। जिसको लेकर पूर्व में भी सवाल खडे हुए थे। लेकिन पहली ही बारिश में संबंधित ठेकेदार द्वारा लगाऐ गए पत्थर के बीच से सीमेंट निकल गई और पत्थर ही मात्र दिखाई दे रहे हैं।

# नगर में दूसरे दिन भी चलता रहा बारिश का दौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ त्योंदा

शुक्रवार को दूसरे दिन भी नगर सहित ग्रामीण अंचलों में बारिश का दौर चलता रहा। सुबह से तेज धूप निकलने के बाद दोपहर बाद मौसम में बदलाव आया और शाम के समय नगर सहित इलाके में बारिश का दौर शुरु हो गया जो देर रात तक रुक रुक कर चलता रहा। इस बारिश से क्षेत्र भर में किसान संतुष्ट और प्रसन्न नजर आ रहे हैं। ज्ञात हो कि गत सप्ताह भर मौसम आंशिक रूप से खुला रहने का लाभ उठाते हुए किसानों ने अपने खेतों में सोयाबीन, उडद एवं धान की बोवनी कर दी थी और वे अब बेसब्री से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। जबकि रोपने वाली धान लगाने वाले किसान भी धान की रोपाई के लिए जोरदार बारिश की कामना कर रहे थे। इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अब आगामी दिनों में भी मानसून की अच्छी बारिश जारी रहने के संकेत दिए हैं।

## सैण्ट एसआरएस स्कूल की छात्रा को डॉ. अम्बेडकर मैरिट अवार्ड मिलेगा

**गंजबासौदा।** स्थानीय सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा साक्षी पुत्री बबलू चौधरी को कक्षा दसवीं बोर्ड में श्रेष्ठ अंक हासिल होने पर डॉ. अम्बेडकर नेशनल मेरिट अवार्ड स्कीम के तहत नकद राशि के साथ सम्मानित किया जाएगा। संस्था के प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने बताया कि साक्षी चौधरी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2021 में एससी, एसटी वर्ग में सर्वाधिक अंक हासिल किए थे। जिसके आधार पर डॉ. अम्बेडकर नेशनल मेरिट अवार्ड के लिए संस्था की होनहार छात्रा साक्षी चौधरी का देश में प्रथम स्थान पर चयन हुआ है। उसे डॉ. अम्बेडकर नेशनल मेरिट अवार्ड फाउंडेशन भारत शासन, नई दिल्ली द्वारा अवार्ड के रूप में साठ हजार रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। साक्षी के चयन पर संस्था में उसका मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया और प्रबंधक केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, वरिष्ठ शिक्षक रजनी गुप्ता, कृष्णपाल सिंह चौहान, डॉ विजय कुमार जैन, डॉ अमर सिंह ठाकुर, अनुज गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, दीपेश मीणा, डॉ कमला चतुर्वेदी,हेमलता शर्मा, गोविंद कुशवाह, सुपार्श जैन, ममता कुशवाह, सुमन श्रीवास्तव, प्रीति माथुर सहित शिक्षक परिवार ने साक्षी चौधरी एवं उनके पिता बबलू चौधरी को हार्दिक हार्दिक बधाइयां देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।




## पाराशरी पर नया पुल बना नहीं और एप्रोच मार्ग बारिश में बह गया




**गंजबासौदा।** तिरंगा चौक से बेदन खेड़ी बाईपास से नए बस स्टैंड जाने वाले सड़क मार्ग पर पाराशरी नदी पर बन रहा पुल का निर्माण अधूरा है और इसके विकल्प के रूप में बना अस्थाई मिट्टी का एप्रोच रोड जोरदार बारिश के चलते तेज बहाव में बह गया। जिसके कारण बीती रात से सुबह तक यातायात व्यवस्था पूर्ण रूप से अवरुद्ध रही। ठेकेदार द्वारा सुबह सबसे पहले एप्रोच मार्ग को दुरुस्त किया गया और इसके बाद पुल की निर्माण कार्य गति को बढ़ाया गया है। नगर पालिका के इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि नवीन पुल पर स्लैप का कार्य पूर्ण हो गया है और पुल के एक और रिटर्निंग वॉल भी तैयार कर ली गई है जबकि दूसरी ओर रिटर्निंग वॉल का कार्य चल रहा है। 30 जून तक उक्त कार्य को पूर्ण करने की अंतिम तिथि रखी गई थी लेकिन क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा उसे समय पर पूर्ण नहीं किया गया। जिसके कारण अब बारिश में उन्हें परेशानी हो रही है। नपा इंजीनियर ने बताया कि 6 से 7 दिन के अंदर उक्त पुल का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा यदि तेज बारिश नहीं होती है तो एक सप्ताह के बाद वहां से यातायात चालू हो जाएगा। एसडीएम विजय राय ने बताया कि ठेकेदार को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा गया है रात को एप्रोच मार्ग में बह जाने के कारण बैरिकेट्स लगाकर आवागमन बंद कर दिया था।

## आशुतोष नगर में श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन

# लक्ष्य निर्धारित नहीं होगा तब तक मंजिल नहीं मिलेगी





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

ईदगाह रोड स्थित आशुतोष नगर वार्ड नंबर 21 में हो रही श्रीराम हनुमत महायज्ञ एवं भागवत कथा में परम पूज्य आचार्य पंडित विकास एलिया ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि जब तक हमारा लक्ष्य निर्धारित नहीं होगा। तब तक हमें मंजिल नहीं मिल सकती। बिना लक्ष्य के इंसान मार्ग तक नहीं पहुंच सकता। लक्ष्य ही हमें सही जगह तक पहुंचा सकता है, लक्ष्य होना आवश्यक है। मानव जीवन लक्ष्य एवं उद्देश्य के बगैर सब कुछ व्यर्थ है। जरा सोचिए कि किसी सुबह आप बिना उद्देश्य के अपने घर से निकल गए तो दिनभर आपकी क्या हालत होगी आप यहां-वहां भटकेंगे और अंत में जब अपने घर लौटेंगे तो आपको अपने ऊपर गुस्सा आएगा कि आज आपने अपना पूरा दिन बर्बाद कर दिया। इसी तरह अगर हमारे जीवन का कोई उद्देश्य न हो तो जीवन संध्या में हमें महसूस होगा कि हमने अपना पूरा जीवन यूं ही व्यर्थ गवां दिया। हर दिन की तरह हमें अपने जीवन का उद्देश्य भी तय करना होता है। हमारे जीवन का उद्देश्य ही हमें बताता है कि कौन-सा काम हमारे लिए जरूरी है और कौन-सा व्यर्थ। उद्देश्य स्पष्ट होने पर न केवल हम अपना समय बचाते हैं, बल्कि अपने लक्ष्य तक भी बहुत आसानी से पहुंच सकते हैं। मानव जीवन में उद्देश्य के बिना किया गया कर्म, कर्म नहीं होता है। इसलिए कर्म करने से पूर्व हमें अपने जीवन का उद्देश्य निर्धारित करना होता है। सवाल यह है कि जीवन का उद्देश्य क्या होना चाहिए? निश्चित तौर पर आज के भौतिक युग में ज्यादातर लोग इसका जवाब पैसा, गाड़ी, बंगला इत्यादि बताएंगे।

भौतिक चीजों से हमारा जीवन थोड़ा आसान जरूर हो सकता है, लेकिन सिर्फ इन वस्तुओं को प्राप्त करना ही किसी व्यक्ति के जीवन का उद्देश्य नहीं हो सकता हमें लक्ष्य की प्राप्ति करना होगी तभी हमें अपने आप की वास्तविकता का पता पड़ेगा। कथा में उपस्थित मुख्य यजमान सोनम बलराम सिंह राजपूत, बृजेश, राजन ,भोला, सरीना, राजेश राय माथुर सहित अनेक भक्तगण मौजूद थे।

# वस्त्र व्यापार संघ के सहयोग से श्रमदान दल ने जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पर्यावरण संवर्धन और जन जागरूकता के उद्देश्य से श्रमदान दल द्वारा निरंतर संचालित पौधारोपण अभियान 3.0 के तहत जारी जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम के क्रम में श्रमदान द्वारा वेदांत आश्रम मे वस्त्र व्यापार संघ के सहयोग से दो बादाम और जामफल के दो पौधे रोपित कराए। हर सप्ताह कम से कम पांच पौधे लगाने के लक्ष्य के साथ प्रारंभ हुए जन जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमदान दल द्वारा वस्त्र व्यापार संघ के सहयोग से वेदांत आश्रम में पंद्रह वा और सोलहवा पौधा रोपित कराया गया। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष श्रमदान दल एक नई थीम के साथ बारिश के मौसम में पौधरोपण करता है। वर्ष 2022 में दल द्वारा मंदिर को लक्ष्य बना कर तो वर्ष 2023 में स्कूली बच्चों को पर्यावरण से जोड़ने के उद्देश्य से स्कूल विशेष पौधरोपण अभियान चलाया था। इस वर्ष दल की थीम जन जन विशेष पौधरोपण पर आधारित है। इस कार्यक्रम में श्रमदान दल लोगों के सहयोग से पौधा रोपित कर रहा है। जन जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम में 85 पौधे ट्री गार्ड सहित 85 लोगों के सहयोग से लगाने का लक्ष्य बनाया गया है। एक पौधा को लगाने का खर्च 1300 से 1400 रुपए है। क्योंकि दल द्वारा विकसित और हाईब्रिड पौधे रोपित किए जा रहे है जिनकी ऊंचाई 5 से 7 फीट तक है जबकि श्रमदान दल द्वारा एक पौधे के लिए महज 1000 रुपए राशि ले रहा है। शुक्रवार को वेदांत आश्रम में संपन्न हुए पौधारोपण कार्यक्रम में आश्रम के मंहत हरिहर दास महाराज के अलावा वस्त्र व्यापार संघ से सुकेश डेरिया, महेश समैया, गौरव अरोरा, संजय समैया, राकेश रघुवंशी के अलावा श्रमदान दल के सदस्य मौजूद रहे।

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने अपने घर के सामने सड़क की कराई मरम्मत

# सड़क निर्माण और सफाई नहीं होने से वार्डवासी परेशान, गंदे पानी में बच्चे गिरकर हो रहे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के आरोन रोड स्थित वार्ड क्रमांक 13 दुर्गा नगर कॉलोनी के हालात किसी से छिपे नही है और खास बात तो यह है कि उक्त कॉलोनी में जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता दरयाब सिंह कुर्मी निवासी करते है। वार्ड की सड़क,नाली व साफ-सफाई की समस्या के लिए कई बार वार्डवासी शिकायत लेकर जा चुके है। लेकिन वार्डवासियो की सुनने वाला कोई नही। सड़क,नाली के लिए वार्डवासी कई वर्षा से नगर पालिका के चक्कर भी काट रहें है। लेकिन नपा द्वारा भी उक्त कॉलोनी की दुर्दशा ध्यान नही दिया जा रहा। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत उपाध्यक्ष के निवास के सामने ही तालाब जैसा नजारा देखा जाता था। लेकिन कुछ दिनों पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने अपने स्वंय के निवास के सामने मिट्टी डलवाकर अपनी समस्या का तो समाधान निकाल लिया और वार्डवासी अभी भी वार्ड की समस्याओं से जूझ रहे है।

### घरों में घुसता है बारिश का पानी

वार्ड क्रमांक 13 दुर्गा नगर कॉलोनी में सड़क,नाली न होने से बारिश के मौसम में वार्ड वासियो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। पूरी कॉलोनी की एक भी ऐसी गली नही है यहा बारिश का पानी न भराता हो। साथ ही कॉलोनी में नालिया का निर्माण न होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी सड़को पर बहता रहता है। जिससे आवागमन करने वाले नागरिको को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन के लिए लोगों को दूसरे रास्ते का सहारा लेना पड़ रहा है। पानी से बदबू आने से लोगों को संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है। इससे लोगों में रोष गहराता जा रहा है। वही बारिश के समय नाली न होने से बारिश का पानी घरो में घुसता है जिसके चलतें घर में रखा समान खराब हो





### कई बार कर चुके शिकायत

वार्डवासी अजब सिंह,सुमित जैन,गोलू राठौर हरिराम बघेले ने बताया कि हम सड़क और सफाई को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारी,नगर पालिका से लेकर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर चुके है लेकिन आज तक कोई सुनवाई नही हुई। वही उन्होने बताया कि सड़क पर गंदा पानी जमा होने से आवागमन ने दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। वही मुख्य सड़क तक जाने के लिए सिर्फ इसी मार्ग का सहारा है और वार्डवासियो गंदे पानी के बीच से आने-जाने को विवश हैं। बारिश होने पर स्थिति और भी खराब हो जा रही है। पानी से बदबू आने से संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है।

**इनका कहना है**

हम प्रयास कर रहें है जल्द ही उक्त वार्ड में सड़क,नाली की समस्या का समाधान किया जाएगा।

**मन मोहन साहू,**
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिरोंज

### आए दिन कीचड़ में गिरते है बच्चे

*पानी निकासी न होने के कारण पूरे वार्ड में जलभराव की स्थिति बनी रहती है। आलम यह है कि स्कूल,कोचिंग जाने वाले विद्यार्थी रोजाना कीचड़ और गंदे पानी के बीच से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। कई बार शिकायत के बाद भी नगर पलिका के जिम्मेदार अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं। गंदगी के कारण बीमारियां फैलने का भी डर बना हुआ है। वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश कुशवाह ने बताया कि वार्ड में सडक और नालियों का निर्माण नहीं हुआ है। ऐसे में घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता है। पिछले कई माह से यह स्थिति है। आलम यह है कि वार्ड के प्रत्येक घर के गेट के सामने गंदे पानी के तालाब बन गए है। गंदे पानी के बीच वार्डवासी ईंट बिछाकर सड़क पार करने को मजबूर है। कई बार तो छोटे-छोटे बच्चे गंदे पानी में गिरकर चोटिल हो चुके हैं।*

### सड़कों पर भरा रहता है पानी

*वार्ड की सड़कों पर दिन भर पानी भरा रहता है। जिससे लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल है। लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। बारिश में जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। सुमित जैन,निवासी दुर्गा नगर कॉलोनी सिरोंज। हमारे वार्ड में खाली प्लाटों में बारिश का पानी भर जाने के कारण मच्छर पनपते हैं। वहीं सड़कों पर भी गंदगी रहती है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। सड़के बनाने के साथ नियमित सफाई होना चाहिए। सतीश धाकड़, निवासी दुर्गा नगर कॉलोनी सिरोंज। वार्ड में सड़कों का निर्माण प्राथमिकता से किया जाना था। जो कि आज तक नहीं किया गया। इसके अलावा सफाई और पानी की व्यवस्था भी की जानी चाहिए थी जो नहीं की गई। इसका खामियाजा वार्डवासियों को भुगतना पड़ रहा है।*

**कमलेश कुशवाह,**
*निवासी दुर्गा नगर कॉलोनी सिरोंज*

### छात्र पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

# निर्मला कांवेंट स्कूल में हुआ छात्र संघ का गठन

### थाना प्रभारी ने बच्चों से एक अच्छा नागरिक बनने की अपील की




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शुक्रवार को छात्र संघ के पदाधिकारियों का चुनाव लोकतांत्रिक प्रणाली से संपन्न किए जाने के उपरांत नवीन निर्वाचन पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी संदीप कुमार पवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना गीत के साथ किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीआई संदीप पवार, विद्यालय प्रबंधक फादर एण्टोनी तथा प्राचार्य सिस्टर टेन्सी द्वारा विद्यार्थियों को पदक्रम अनुसार बैच प्रदान किए गए। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी ने नवीन निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य पालन की शपथ दिलाई गई।

### छात्रों को सोशल मीडिया से बचने की सलाह

इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संदीप पवार ने नव निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को शुभकामनाऐं देते हुए भविष्य में एक अच्छा नागरिक बनने की अपील की। वही उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के अधिक उपयोग से बचने, बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने सहित अन्य जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई। वही फादर एण्टोनी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को जिम्मेदारी का निर्वाहन ईमानदारी से करने, छात्र



हित में कार्य करने तथा महापुरूषों का अनुसरण करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल जैन के द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन शिक्षक सरथ राजीव द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक रफत उल्लाह एवं विक्रांत जयंत के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### छात्र संघ चुनाव में यह छात्र हुए निर्वाचित

नव निर्वाचित सदस्यों में हर्षवर्धन तिवारी हेड बॉय, सबीहा रफत हेड गर्ल, नेन्सी सेन स्टूडेंट सेक्रेटरी, सानिध्य जैन, स्टूडेंट ट्रेजर्र, अभय शर्मा स्पोर्टस केप्टन, मनु रघुवंशी स्पोर्टस वाइस केप्टन, महक रघुवंशी कल्चरल हेड, सिद्धी रघुवंशी कल्चरल वाइस हेड, अनिमेष जैन सोशल वर्क हेड, पीहु रघुवंशी सोशल वर्क वाइस हेड चुने गए। इसी प्रकार कृष बिंदल ब्लू हाउस कैप्टन, मोहम्मद इकरम खान ब्लू हाउस वाइस कैप्टन,कार्तिक शर्मा ग्रीन हाउस कैप्टन, रिद्धिमा शर्मा ग्रीन हाउस वाइस कैप्टन, हुमेरा खान रेड हाउस कैप्टन, मनवी रघुवंशी रेड हाउस वाइस कैप्टन, रामेष्ट सोनी यलो हाउस कैप्टन, देव रघुवंशी यलो हाउस वाइस कैप्टन निर्वाचित हुए।

## तालाब सीमांकन का कार्य प्रारंभ, चिन्हित किए पाइंट



**सिरोंज।** नगर के नया बस स्टैंड स्थित तालाब के सीमांकन को लेकर विगत दिनों पूर्व एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा 7 सदस्यीय टीम गठित की गई थी। वही शुक्रवार को उक्त टीम के सदस्य तहसीलदार संजय चौरसिया, नगर पालिका सीएमओ पवन शर्मा, राजस्व निरीक्षक अमित गुप्ता, हल्का पटवारी नीरज विश्वकर्मा,मनोज पाराशर, रामसिंह राजपूत, अभिषेक पटेरिया के साथ एसडीएम हर्षल चौधरी ने स्वंय तालाब परिसर में पहुचकर सीमांकन का कार्य प्रांरभ कराया।

## जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत नगर पालिका अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने किया पौधरोपण

**सिरोंज।** जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत नगर पालिका अधिकारी, जनप्रतिनिधियों द्वारा हरियाली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि ने नगर के लटेरी रोड स्थित नवनिर्मित स्वर्गीय हीरा बेन स्मृति उद्यान पहुचकर पौधरोपण किया गया। जिसमें फलदार एवं छायादार पौधे आम,जामुन, अशोक, पीपल एवं अन्य पौधे लगाए गए।



# खरीदी केंद्र बनना शुरू, वेयरहाउसों पर बारिश के बीच होगी मूंग की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

**खबर का असर**

भले ही सरकार की घोषणा से कागजो में 24 जून से समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद शुरू हो गई हो परंतु जमीनी हकीकत कुछ ओर ही बनी हुई है। पिछले दिनों प्रमुखता से समाचार प्रकाशित हुआ। समाचार पढ़कर शायद जिम्मेदारो की नींद खुल गई। फिलहाल 4-5 खरीदी केंद्र की सूचना मिल रही है। 5 जुलाई तक खरीदी केन्द्र बनाने की प्रक्रिया ही चल रही है। मूंग की खरीद तौल कब प्रारंभ होगी, इसमें भी समय लगने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

जानकारी के अनुसार समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी की बरेली सह. बैंक के अंतर्गत सह. संस्थाओं एवं खरगोन सह. बैंक के अंतर्गत एक उदयगिरी संस्था को जिम्मेदारी सौंपने की खबर है। बरेली सह. बैंक के अंतर्गत मार्केटिंग सोसाइटी बरेली, सह. संस्था धोखेडा, सह. संस्था कामतौन और सहकारी संस्था बगलवाड़ा को जिम्मेदारी सौंपकर वेयरहाउसों को केन्द्र बनाए गए हैं। वर्षो पूर्व से सह. संस्था बगलवाड़ा समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी, आर्थिक अनिमित्ताओं और फर्जीवाड़े के रूप में चर्चित बनी हुई है। जिस प्रकार इस वर्ष व्यापक स्तर पर गर्मी में मूंग की खेती हुई और बिना बारिश में भींगे लाखो कु. मूंग का उत्पादन हुआ, क्या तहसील के 4-5 केंद्रों पर मूंग की तौल खरीद हो पाएगी, क्योंकि निरंतर बारिश हो रही है। मूंग में नमी जल्दी आती है। मूंग खरीदी केंद्रों की संख्या ओर अधिक किए जाने की किसानों द्वारा मांग की जा रही है।

### दोषियों पर अब तक क्यों नहीं हुई कार्रवाई

पिछले दिनों वेयरहाउस मालिकों को 2 वर्षो का किराया न मिलने, अनेक वेयरहाउसों में मिलीभगत और ऊपरी कमाई के चक्कर में नान एफएक्यू मूंग की खरीद और गोदामों में भंडारण हुआ। पिछले वर्ष मूंग की खरीद में व्यापक स्तर पर अनिमित्ताओं की शिकायतें सामने आईं। जब किसी भी उपज की समर्थन मूल्य पर खरीद से पूर्व सर्वेयरों द्वारा जांच नमूना पास, फेल किया जाता है तब नान एफएक्यू उपज की खरीद क्यों होती है। यदि मामले सत्य पाए जाते हैं, तब दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई और सरकारी धन की भारी बर्बादी पर कठोर कार्रवाई न होने से वर्षो से ऐसी खरीदी का सिलसिला बना रहने की स्थिति बनी हुई है।

### ननि, नपा संघ इकाई की कार्यकारिणी घोषित

**सागर।** नगर निगम / नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा दिये गये निर्देश पर सागर जिले की कर्मचारी संघ की बैठक आहूत की गई जिसमें सागर जिले की ईकाई अध्यक्ष प्रहलाद रैकवार एवं नगर निगम ईकाई अध्यक्ष पं. माधव प्रसाद कटारे के सेवानिवृत होने के कारण पूर्व की गठित कार्यकारिणी को भंग करते हुये नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। सागर संभाग के प्रभारी एवं प्रांतीय संयुक्त सचिव राजेशसिंह राजपूत ने नई कार्यकारिणी में इकाई अध्यक्ष वर्षा समद, उपाध्यक्ष रज्जन करोसिया, बृजेष तिवारी, आनंद मंगल गुरू, महामंत्री यशवंत कोष्टी, कुलदीप वाल्मीकि, जया श्रीवास्तव, सचिव देवकुमार चौबे संगठन सचिव अनुराग दुबे, संयुक्त सचिव मनोज तिवारी, राजेश नापित, शशांक जैन, प्रवक्ता रजनीश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अनिरूद्ध चाचौंदिया बनाया गया है।

# बारिश से मिली राहत तो बिजली न रहने से बढ़ी परेशानी मुसीबत

### चौबीस घंटों में दर्जनों बार बिजली जाने आने से उपज रहा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

भीषण गर्मी में मेंटनेश के नाम पर नगर एवं क्षेत्र के निवासियों ने प्रचण्ड गर्मी में बिना बिजली की परेशानियां झेली कि बारिश के सीजन में 24 घंटों निर्वाध बिजली की राहत सुविधा मिलेगी। परंतु हालात सुधरने के स्थान पर बद से बदतर बने हुए है। जैसे ही बारिश शुरू हुई तीन दिनों से बिजली घंटों न रहने 24 घंटों में दर्जनों बार जाने आने का भारी परेशानियो और पीडादायक स्थिति का सामना नगर एवं क्षेत्र के निवासियों को करना पड़ रहा है।

### घंटों बिजली का इंतजार

सुबह से रात तक कब बिजली चली जाए अनिश्चित बना रहता है। बिना पूर्व सूचना घंटों बिजली गायब रहने से दुकानदार, घरेलु महिलाएं और सबसे अधिक बिजली से चलने वाली मशीन, उपकरण और कम्प्यूटर की दुकानों पर लोगों को घंटो का समय बर्बाद कर बिजली आने का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। गुरूवार को दिन भर और रात में घंटो बिजली गायब रही। शुक्रवार को तो स्थिति ओर भी बदतर रही। दिन भर बिजली जाने आने और बहुत कम वोल्टेज की समस्या से नगर के निवासी दुकानदार भारी परेशान बने रहे। नगर के कुछ हिस्सों दीनदयाल परिसर, काली मंदिर के आसपास, वर्मा कालोनी, मेन रोड इत्यादि में तो प्रतिदिन दर्जनों बार बिजली जाने आने की परेशानिया बनी रहती है। बिजली बार-बार गायब होने का मुख्य कारण ट्रांसफार्मरों की कम क्षमता उनमें खराबी, केबल स्वीच इत्यादि में फाल्ट आना बाताया जा रहा है। तार टूटने की भी घटना बढ़ रही है। इन सभी को मेंटनेंस के दौरान आसानी से ठीक किया जा सकता था।



### त्योहारों को सद्भाव एवं भाईचारे से मनाएं : आर्य

**सागर।** सभी धार्मिक त्योहारों को पूरे श्रद्धा सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाये। उक्त विचार कलेक्टर दीपक आर्य ने जिला शांति समिति की बैठक में व्यक्त किये। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उईके, संयुक्त कलेक्टर अदिती यादव, डिप्टी कलेक्टर भव्या त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग सहित अन्य अधिकारी एवं जिला शांति समिति के सदस्य मौजूद थे। जिला शांति समिति की बैठक में कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा कि सभी सागरवासी सभी धार्मिक त्योहार पूरे सद्भाव श्रद्धा एवं भाईचारे के साथ मनाएं। सागर हमेशा से शांति का टापू रहा है और रहेगा उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक संगठन अपने-अपने चल समारोह या धार्मिक त्योहार मनाते समय कानून व्यवस्था का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि धार्मिक त्योहार मनाने के पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी, जिसमें प्रमुखता स्ट्रीट लाइट, पेयजल, रोड सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि धर्म के अनुसार ही मनाए एवं चल समारोह में पूरी श्रद्धा एवं शांति के साथ शामिल हों।

### तीन दिवसीय कर्मकांड प्रशिक्षण शिविर समाप्त




**बरेली।** सर्व ब्राम्हण सामाजिक संगठन के तत्वाधान में तीन दिवसीय कर्मकांड प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। शिविर के विधार्थियों को हरियाली अमावस्या के महत्व और सजग रहने का संदेश दिया। तीन दिवसीय कर्मकांड प्रशिक्षण शिविर में नगर एवं क्षेत्र के 25 विधार्थियों ने भाग लिया। जिन्हे पं. चन्द्रकांत शास्त्री, पं. द्वारका प्रसाद उपाध्याय, राजेश रावत द्वारा कर्मकांड के संबंध में विस्तार से जानकारिया और कर्मकांड की विधियों से अवगत कराया गया। शिविर के प्रभारी महेश शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही सभी वर्गो के लिए एक माह का प्रशिक्षण शिविर लगाने का प्रयास होगा। सर्व ब्राम्हण सामाजिक संगठन के अध्यक्ष ओमप्रकाश चतुर्वेदी ने कर्मकांड शिविर के सफल आयोजन पर बधाई दी।

# सड़क किनारे वाली ग्रापं. में बने गोशालाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

भोपाल-जबलपुर फोरलेन-45 पर बाडी से देवरी तक स्थान-स्थान पर मवेशियो का जमावड़ा बना रहता है। रात के अंधेरे में मवेशी दिखलाई न देने या अचानक वाहनों के सामने आ जाने से वाहनों की टक्कर, संतुलन बिगड़ने की घटनाओं में दर्जनों लोग घायल और असमय अपनी जान गंवा चुके हैं। सैकड़ों मवेशी भी वाहनों की चपेट में आकर घायल और मर चुके हैं। वर्षो से ग्रापं. में कांजी हाउस व्यवस्था बंद है। जिससे हमेशा पशु पालको द्वारा मवेशियो को छुट्टा आवारा छोड़कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़कर अन्यो के जीवन से खिलवाड़ कर प्रयास किया जाता रहता है।

प्रदेश सरकार द्वारा वर्षो पूर्व ग्रापं. में गोशालाएं खोलने की घोषणा की गई। बाडी जनपद क्षेत्र की 106 ग्रापं. में दर्जनो गोशालाएं स्वीकृत हुई। अधिकांश निर्माणाधीन और चालू न होने से हमेशा मुख्य सड़कों पर मवेशियो के झुंड बने रहते हैं। इसी के साथ छुट्टा आवारा, मवेशियों द्वारा किसानों की फसलों का भारी नुकसान किया जाता है। यदि सड़कों किनारे वाली ग्रापं. में प्राथमिकता से गोशालाओं का निर्माण हो जाए तो सड़कों पर बनी रहने वाली आवारा छुट्टा मवेशियो की समस्या हल होने के साथ गौवंश की दुर्दशा भी कम हो सकती है। जिस भारी संख्या में फोरलेन-45, क्षेत्र की प्रमुख सड़को, बरेली पिपरिया मार्ग, बाड़ी बक्तरा मार्ग एवं अन्य ग्रामीण मार्गो पर सेकडो मवेशिया फसलों को भारी नुकसान पहुंचाने के साथ सड़को पर वाहन चालकों के लिए घटना दुर्घटना का कारण बन रही है। अधिकांश मवेशियों के कान में टेग होने से उनके मालिक है।




यदि सड़क किनारे वाली ग्रापं. में कांजी हाउस व्यवस्था शुरू हो जाए तो मवेशी छोडने वाले पशु पालकों पर नियंत्रण और छुट्टा मवेशियों की संख्या में भारी कमी आ सकती है। यदि जन प्रतिनिधि और अधिकारी सड़कों पर आवारा मवेशी की समस्या को हल करना चाहते है, तो इस समस्या के विभिन्न पहलुओ पर गंभीरतापूर्वक विचार और योजना बना कर क्रियान्वयन जरूरी है।

### विवाह के लिए पूरा गांव परिवार को दे रहा बधाई


# 23 साल पहले दो परिवारों के बीच हुआ वादा, निभाने 9 जुलाई को विवाह बंधन में बंधेंगे ताराचंद और पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

23 साल पहले दो परिवारों के बीच हुए विवाह के वादे को निभाने एक अनोखी शादी होने जा रही है।

ग्यारसपुर तहसील के ग्राम पिपरिया पाराशर के ताराचंद सोनू बंसल और ग्राम रिछावर जिला सागर की रहने वाली पूनम के माता-पिता ने एक दूसरे को अपने बेटी और बेटी की शादी का वादा 23 साल पहले किया था। शादी के वादे को निभाने 9 जुलाई को खरेरा धाम पर शादी के पवित्र बंधन में दोनों युवक युवती बंधेंगे।

पुराने जमाने की फिल्मों में हमने यह देखा था कि लड़का और लड़की के माता-पिता अपने बच्चों की शादी बचपन में ही तय कर देते थे और जब वह शादी लायक हो जाया करते थे तो उनकी शादी हो जाया करती थी परंतु अब लड़का और लड़की अपनी मनपसंद की शादी एक दूसरे को देखकर ही करते हैं।, बर्षों बाद इस प्रकार की शादी पुराने जमाने की याद दिलाती है, लड़के पक्ष वाले पिपरिया पाराशर की सरपंच द्रोपती बाई बंसल स्वर्गीय जगदीश प्रसाद और उनके बड़े बेटे गोकुल बंसल के छोटे भाई हैं। जो अपने माता-पिता के बचपन में दिए हुए वचन को निभा रहे हैं। इस अवसर पर दोनों परिवार के रिश्तेदार एवं गांव वासियों के द्वारा उन्हें बहुत शुभकामनाएं दी जा रही हैं। घर परिवार में बहुत ही खुशी का माहौल है।





## कलेक्ट्रेट में किसान, लाड़ली बहना, पेंशन तथा उज्जवल योजना राशि अंतरण कार्यक्रम सम्पन्न

# जिले के 154807 किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के 30.96 करोड़ आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों को राशि अंतरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, कलेक्टर अरविंद दुबे, एसडीएम मुकेश सिंह, अधीक्षक भू-अभिलेख राजेश राम सहित अन्य अधिकारी और हितग्राही उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा टीकमगढ़ जिले में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से रायसेन जिले के भी हितग्राहियों के खातों में विभिन्न योजनाओं की राशि अंतरित की गई। एनआईसी कक्ष में मुख्यमंत्री डॉ यादव के उद्बोधन का लाइव प्रसारण भी देखा व सुना गया। इसके उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन तथा कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा विभिन्न हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कलेक्टर ने बताया कि आज मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत जिले के 154807 किसानों के खाते में दो-दो हजार रू के मान से 30 करोड़ 96 लाख 14 हजार रू की राशि अंतरित की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले की 250938 लाड़ली बहनों के बैंक खाते में 30 करोड़ 63 लाख 78 हजार 300 रूपए, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के कुल 110677 पेंशनर्स के खाते में 6 करोड़ 64 लाख 6 हजार 200 रू तथा पीएम उज्जवला योजना की हितग्राहियों के खाते में 65 लाख 24 हजार 320 रू की राशि अंतरित की गई।







### *जिले के लाभार्थी किसानों के खातों में अंतरित हुए 309614000 रुपए*

*मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत रायसेन जिले के 154807 लाभार्थी किसानों के बैंक खाते में सिंगल क्लिक से वर्ष 2024-25 की प्रथम किस्त की राशि कुल 30 करोड़ 96 लाख 14 हजार रू अंतरित किए गए हैं। इसमें उदयपुरा विधानसभा के 49714 किसानों के बैंक खाते में 09 करोड़ 94 लाख 28 हजार रू, भोजपुर विधानसभा के 22650 किसानों के बैंक खाते में 04 करोड़ 53 लाख रू, सांची विधानसभा के 41822 किसानों के बैंक खाते में आठ करोड़ 36 लाख 44 हजार रू और सिलवानी विधानसभा के 40621 किसानों के बैंक खाते में आठ करोड़ 12 लाख 42 हजार रू की राशि अंतरित हुई।*

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों के खाते में डाले 66406200 रू

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के कुल 110677 पेंशनर्स के खाते में 6 करोड़ 64 लाख 6 हजार 200 रू की राशि अंतरित की गई। इसमें वृद्धावस्था पेंशन योजना के 52178 हितग्राहियों के खाते में 31306800 रू, विधवा पेंशन योजना के 17297 हितग्राहियों के खाते में 10378200 रू, निःशक्तजन पेंशन योजना के 2752 हितग्राहियों के खाते में 1651200 रू, कन्या अभिभावक पेंशन येजना के 820 हितग्राहियों के खाते में 492000 रू, मानसिक बहुविकलांग सहायता योजना के 1168 हितग्राहियों के खाते में 7000800 रू, कल्याणी पेंशन योजना के 19818 हितग्राहियों के खाते में 11890800 रू, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के 16644 हितग्राहियों के खाते में 9986400 रू की राशि अंतरित की गई।

## फैक्ट्री चौराहा से जमुनिया तक रोड की हालत बदतर

### गहरे गड्ढे में बारिश में भरा रहता है पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम जमुनिया की 3 किलोमीटर सड़क की हालत बद से बदतर हो चुकी है। फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज से लेकर ग्राम जमुनिया तक 3 किलोमीटर की सड़क में इतने गड्ढे है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। सड़क में गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं इन गड्ढों में बारिश के समय पानी भरा रहता है, इन्हीं गड्ढों में अभी तक कई व्यक्ति गिरकर घायल हो गए हैं।

देखने में ऐसा प्रतीत होता है कि गड्ढे ज्यादा सड़क कम दिखाई देती है इस मार्ग से होते हुए ग्राम जमुनिया, नीदोन, कायमपुर, जमुनिया टोला, कायमपुर टपरा, भील टोला, टपरा यदि गांव के कई ग्रामीण अपने रोजमर्रा के काम के लिए रोज भोपाल विदिशा से रायसेन आते जाते हैं। फैक्ट्री चौराहे दीवानगंज पर जमुनिया रोड पर बोर्ड लगा है इस बोर्ड पर 2008 में लगभग 50 लाख की कीमत से जमुनिया रोड बना था।

जमुनिया निवासी सोनू लोधी, समंदर लोधी, प्रीतम लोधी, दुर्जन लोधी ने बताया कि 2008 से लेकर अभी तक 16 वर्ष हो चुके है इन 16 वर्षों में एक बार इस रोड की मरम्मत हुई। इसके बाद अभी तक मरम्मत नहीं हुई है इस रोड पर आए दिन हादसे होने लगे दो-दो फीट चौड़े गड्ढे हो गए हैं। इसी मार्ग से सभी गांव के बच्चे दीवानगंज पढ़ने पहुंचते हैं। पिछले वर्ष विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, मंत्री तुलसी सिलावट को ग्रामीणों ने अपनी समस्या से अवगत कराया था, जिसमें उन्होंने सही कराने का अश्वासन दिया था।

## खबर संक्षेप

### रामपाल सिंह सिलवानी में आज करेंगे पौधरोपण

**सिलवानी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत शनिवार को एक दिनी प्रवास पर नगर आ रहे है। जहां पर कि वह एक पेड़ मॉं के नाम पौधरोपण अभियान में शिरकत कर पौधरोपण करेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला ने बताया कि श्री सिंह शासकीय महाविद्यालय में आयोजित पौधरोपण अभियान में शामिल होगें। दोपहर 2 बजे आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राकेष शर्मा भी मौजूद रहेगें। श्री शुक्ला ने सभी से कार्यक्रम में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

### जिले में अब तक 146.6 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन।** जिले में 01 जून से 5 जुलाई तक 146.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 82.1 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 5 जुलाई तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 211.5 मिलीमीटर, गैरतगंज में 66.3, बेगमगंज में 211.9, सिलवानी में 193.2, गौहरगंज में 129.2, बरेली में 108.6, उदयपुरा में 133.4, बाड़ी में 186, सुल्तानपुर में 97.5 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 128.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित

**रायसेन।** अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शासन द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 8वीं उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं तथा महिलाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से एक लाख रू से 50 लाख रू तक का उद्योग इकाई एवं सेवा इकाई के लिए एक लाख से 25 लाख रू तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। योजना अंतर्गत स्वीकृत इकाई लागत पर 05 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अधिकतम 07 वर्षो तक ब्याज अनुदान देय होगा। संत रविदास स्वरोजगार योजना का लाभ लेने के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के 18 से 45 वर्ष तक की आयु के नागरिक आवेदन कर सकते हैं। आवेदक जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा पूर्व में किसी बैंक या शासकीय संस्था से डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 08वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदक वर्तमान में राज्य शासन एवं केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का लाभार्थी ना हो। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

## बिजली के बढ़े हुए बिलों से उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची

नगर के कई मकानों में विद्युत विभाग द्वारा लोगों के मीटर बदले गए थे जिनके मीटर पहले से सही सलामत चल रहे थे बिजली विभाग द्वारा उनको भी बदल दिए गया अब जब से लोगों के मीटर बदले गए जब से बिजली के बिल पहले की अपेक्षा अब चार गुना बाढ़ कर आ रहे हैं। उपभोक्ताओं के पास में जब भी बिजली का बिल आता है।

अपने अपने बिल लेकर एक दूसरे के पास पहुंच जाते हैं जानकारी के अनुसार लोगों ने बताया की जिसका बिल 300 आ रहा था अब वह बढ़कर 2700 से 3000 तक हो गया है, जिसका बिल 400 के आसपास था उसका बिल 3200 से 3500 तक आ रहा है। लोगों में बिजली विभाग के प्रति



आक्रोश बढ़ रहा है। लोगों ने पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के पास जाकर अपनी समस्या का निराकरण करवाने की योजना बनाई है।

### इनका कहना है

सभी मीटर डिफेक्ट थे इसलिए बदल वाए गए हैं बिजली का बिल मीटर रीडिंग से आ रहा है।

**मनीष श्रीवास्तव,** जेई
विद्युत वितरण केंद्र सांची

## क्षेत्र में झमाझम बारिश नहीं होने के चलते किसानों के माथे पर दिखाई देने लगी हैं चिंता की लकीरें



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

पीछले कई दिनों से किसान झमाझम बारिश का इंतजार करते करते बेहाल हो गया है। क्षेत्र में कुछ दिनों से झमाझम बारिश नहीं होने से धान की फसल सूखने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। फसलों को सूखे से बचाने के लिए किसान वैकल्पिक साधनों से सिंचाई कर फसलों को बर्बाद होने से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। किसानों ने कहा कि रोपाई के समय मानसून की सकारात्मक स्थिति देख काफी खुश थे। खुशी-खुशी खेतों में धान की रोपाई भी की थी।

रोपाई के समय हुई बारिश ने सोने पर सुहागा का कार्य किया, लेकिन जुलाई के पहले सप्ताह में बारिश नही होने से अच्छी पैदावार होने की उम्मीद टूट रही है। उन्होंने कहा कि नहरों में पानी नहीं आने के कारण पंपिंग सेटों से सिंचाई की जा रही है। जो डीजल की महंगाई के कारण बेहद महंगी पड़ रही है। अगर एक या दो दिन में बारिश नहीं हुई तो धान की फसल पर असर पड़ना प्रारंभ हो जाएगा। क्षेत्र के किसानों ने कि पिछले कई सालों से अच्छा उत्पादन और उचित समर्थन मूल्य नहीं मिल पाने के कारण कर्ज बढ़ता जा रहा है।

क्षेत्र में कई किसानों के गड़े पानी से अभी तक नहीं भराए हैं। पानी से गड़े भर जाते तो किसान धान रोपना प्रारंभ कर देते। कई किसानों ने धान तो रोप दी मगर पानी नहीं गिरने के कारण पीली पड़ने लगी है। निवास मीना, आकाश साहू, सुरेश साहू, दिनेश साहू ने कहा कि अब तो सब भगवान भरोसे ही है। अच्छी बारिश की उम्मीद में धान की रोपाई की थी। पिछले कई दिनों से बारिश नहीं होने पर रोपाई ट्यूबवेल से पानी दे रहे थे, लेकिन बारिश न होने के चलते प्रतिदिन पानी देने के बाद भी फसल पीली पड़ गई है। अगर एक सप्ताह में अच्छी बारिश नहीं होती तो किसानों के लिए मुसीबत बढ़ जाएगी।

## बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी कराएं तो निशिचत समाज आगे बढ़ेगाः सुनीता पचौरियो

### बाल संवर्धन व संरक्षण सप्ताह अंतर्गत मां शारदा स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

विधिक सेवा प्राधिकरण का निर्माण ही निशुल्क सेवा करने के लिए हुआ है। यदि बच्चों का लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी कराएं तो निश्चित रूप से समाज आगे बढ़ेगा। इसलिए बच्चों को शिक्षा बहुत आवश्यक है, बच्चों को सामाजिक संस्कार दें तथा घरेलू हिंसा से दूर रखें।

यह उद्गार न्यायाधीश सुनीता पचौरिया ने व्यक्त किए। वह नगर के मॉं शारदा विद्यालय में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर को संबोधित कर रही थी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी द्वारा बाल संवर्धन एवं संरक्षण सप्ताह अंतर्गत शुक्रवार को मां शारदा विद्यालय सिलवानी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।




शिविर में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी सुनीता पचौरिया ने उपस्थित छात्र, छात्राओं को बताया कि बाल संवर्धन एवं संरक्षण सप्ताह अंतर्गत बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 को लेकर अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों में लैंगिक भेदभाव ना रखें उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहयोग करें। कम उम्र के बच्चों को बाजार में काम करने के लिए ना भेजें यदि ऐसा करते हुए बच्चे पाए जाते हैं तो उनके अभिभावक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में पार्किंग न होने से बन रही जाम की स्थिति, वाहन चालक हो रहे परेशान

### एक भी बैंक के पास नहीं पार्किंग व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में सड़कों पर अतिक्रमण होने से प्रतिदिन जाम के हालात बन रहे हैं। राहगीरों, वाहन चालकों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ता है। शहर के अंदरूनी हिस्से की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। सड़कों पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया जाता है। बाकी की कसर दो पहिया वाहन चालक पूरी कर देते है। बाजार के हालत इतने खराब है कि चौड़ी सड़कें दुकानें खुलते ही सिकुड़ने लगती है। दोनों ओर के दुकानदार सड़कों को ही शोरूम बना देते हैं। आधी से ज्यादा सड़क पर सामान रख दिया जाता है। ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों के हिस्से बमुश्किल एक चौथाई सड़क ही आती है।

मुख्य बाजार में सुबह से लेकर देर रात यातायात में अवरोध पैदा होने से राहगीर परेशान हैं। शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में महामाया चौक, भोपाल-सागर तिराहा, माता मंदिर चौराह पर आये दिन जाम की स्थिति बन रही है। इन मार्गो पर किराना, स्टेशनरी, स्कूल सामग्री, कपड़ा सहित अन्य जरूरी सामानों की दुकानें हैं। कई दुकानदारों द्वारा सामान और शोकेस रख लिए जाता है।

### *दुकान के बाहर रखा समान*

*शहर के सांची मार्ग पर भोपाल-सागर तिराहे से लेकर माता मंदिर चौराहे तक अनेकों दुकानदारो के द्वारा सड़क पर सामान रख का कब्जा कर लिया है। फलस्वरुप दिन में अनेको बाद जाम के हालात बनते है। एक तो दुकानदारो का सड़क के आधे हिस्से पर सामन रखकर कब्जा कर लेने दूजा खरीदारी करने बाजार आने वाले नागरिकों द्वारा दो, चार पहिया वाहनों को सड़क पर खड़ा कर देने से पैदल राहगीरो को परेशानी होती है।*

### *बाजार की गलियों में भी जाम*

*शहर के मुख्य बाजार में जब ग्राहक को वाहन पार्क करने के लिए जगह नहीं मिलती है तो वे नगर की संकरी गलियों में ही वाहनों को रखकर खरीदी करने चले जाते हैं। ऐसे में छोटी-छोटी गलियों में भी घटो जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के दौरान हार्न का इस्तेमाल भी खूब होता है, जिससे सभी परेशान होते है।*

## दफ्तरों के चक्कर काट कर हार मान गए

# हितग्राही को नहीं मिल रही सीएम-पीएम सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम दीवानगंज निवासी किसान इकबाल खान की कृषि भूमि गीद गड़ पंचायत के गांव भंवर खेड़ी में है। कई बार आवेदन देने के बाद भी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मन निधि दोनों ही नहीं मिल रही है कई बार हल्का पटवारी से भी शिकायत की मगर हल्का पटवारी द्वारा भी टाल दिया जाता है।



प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए सम्मान निधि योजना प्रारंभ कि हैं, ताकि छोटे किसानों को कुछ आज तक लाभ मिल सके। लेकिन सरकारी कर्मचारियों की लापरवाही से किसान को लगभग 3 साल से किसान सम्मन निधि के लिए यहां वहां दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं।

दीवानगंज के निवासी इकबाल खान ने बताया कि मैं कई बार हल्का पटवारी और चौकीदारों को कागजात दे चुक हूं। लेकिन मुझे अभी तक प्रधानमंत्री सम्मान निधि और मुख्यमंत्री सम्मान निधि नहीं मिल पाई है मैं 3 साल से लगातार कागजात दे देकर थक चुका हूं हर बार आश्वासन मिल जाता है कि इस बार सम्मान निधि आ जाएगी मगर अभी तक मुझे सम्मान निधि नहीं मिली है।

## विधायक ने कॉलेजो में स्वीकृत व रिक्त पदों की मांगी थी जानकारी

# बेगमंगज सरकारी कॉलेज में 10 साल से प्राचार्य का पद रिक्त तो सिलवानी में 21 साल से नहीं है हिंदी के सहायक प्राध्यापक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

सिलवानी-बेगमगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र पटेल ने मप्र विधानसभा में उच्च विभाग से संबंधित सबाल लगा कर विधानसभा क्षेत्र की समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया, जिस पर उच्च षिक्षा मंत्री ने विधायक के सबाल का लिखित जवाब दिया।

विधायक श्री सिंह ने बेगमगंज तथा सिलवानी के शासकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक स्टाफ तथा गैर शैक्षणिक स्टॉफ के पदो की स्वीकृति व रिक्त पदो की जानकारी को लेकर सबाल लगाया, जिस पर उच्च षिक्षा मंत्री ने लिखित जवाब में बताया कि बेगमगंज महा विद्यालयमें बीते 10 सालो से प्राचार्य का पद रिक्त पड़ा है। जबकि सिलवानी महाविद्यालय में 21 साल से प्राचार्य का पद



रिक्त है। इसके अतिरिक्त बेगमंगज महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक हिंदी विषय के 4 पद, इतिहास 3, अर्थशास्त्र 1, भौतिक शास्त्र 5, वनस्पति शास्त्र 5, गणित 4, रसायन शास्त्र 1, जंतु विज्ञान 5, वाणिज्य के 3, सहायक प्राध्यापक के पद रिक्त है। जबकि क्रीड़ा अधिकारी 1 तथा ग्रंथपाल का 1 पद रिक्त है। इसी के साथ ही सिलवानी महाविद्यालय में राजनीति शास्त्र, हिंदी, अंग्रेजी वाणिज्य के 1,1 पद रिक्त है। जबकि रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, गणित, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, हिंदी तथा वाणिज्य के क्रमशः दो-दो पद सहायक प्राध्यापक के रिक्त है। जबकि ग्रंथपाल का 1 पद भी रिक्त है।

### *◆ विधानसभा में विधायक देवेंद्र पटेल के सवाल के जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री ने दी जानकारी*

### गैर शैक्षणिक कार्य में संलग्न कर्मचारियों के पद भी है खाली

विधायक के सवाल के जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि गैर शैक्षणिक स्टाफ में सिलवानी व बेगमगंज महाविद्यालय में मुख्य लिपिक, लेखापाल, सहायक ग्रेड-2 व 3, प्रयोग शाला परिचालक, भृत्य के एक - एक पद बीते कई सालो से रिक्त है। उक्त पदो के अतिरिक्त बेगमगंज कॉलेज में स्वीपर व चौकीदार के भी एक-एक पद रिक्त है।उच्च षिक्षा मंत्री ने यह भी बताया कि शासकीय महाविद्यालय सिलवानी में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के 180 तथा बेगमगंज महाविद्यालय में 17 प्रकरण लंबित है।